**प्रेस नोट 01- दिनांक 27.11.2023**
**थाना बेहटा मुजावर ,जनपद उन्नाव।**

## • तीन गौ-तस्कर गिरफ्तार, दो ट्रक में 60 गोवंश बरामद

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा गौ तस्करी करने वाले एक अभियुक्त व दो अभियुक्ताओं को दो ट्रक में 60 गोवंश बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 27.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक बेहटा मुजावर मय हमराह फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम अटवा से अभियुक्तगण 1. सोजी पुत्र प्रताप उम्र करीब 65 वर्ष, 2.सीता पत्नी सोजी उम्र करीब 55 वर्ष, 3.कंचन पत्नी बल्लू उम्र करीब 28 वर्ष निवासीगण प्रेमनगर, थाना मोडक डाबा देह कमालपुरा, जिला कोटा राज्य राजस्थान को दो ट्रक जिसमें 60 गोवंश लदे हुए थे बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस दौरान इनके साथी 1.अजय पुत्र खेता निवासी प्रेमनगर, थाना मोडक डाबा देह कमालपुरा, जिला कोटा राज्य राजस्थान, 2.विजय पुत्र खेता निवासी प्रेमनगर, थाना मोडक डाबा देह कमालपुरा, जिला कोटा राज्य राजस्थान ,3.वाहन स्वामी ट्रक / चालक व दो -तीन व्यक्ति अज्ञात मौके से फरार हो गये । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 239/2023 धारा 3/5(क)/8 गौवध निवारण अधिनियम व 11घ पशु क्रूरता अधिनियम का पंजीकृत किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

1. सोजी पुत्र प्रताप उम्र करीब 65 वर्ष,
2.सीता पत्नी सोजी उम्र करीब 55 वर्ष,
3.कंचन पत्नी बल्लू उम्र करीब 28 वर्ष निवासीगण प्रेमनगर, थाना मोडक डाबा देह कमालपुरा, जिला कोटा,राजस्थान

**बरामदगी-** दो ट्रक में 60 गोवंश बरामद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 फूल सिंह
2. उ0नि0 रोहित कुमार पाण्डेय
3. हे0का0सुभाष चन्द्र,
4. का0 गोविन्द कुमार
5. म0का0 रेनू देवी



**प्रेस नोट 02- दिनांक 27.11.2023**
**थाना कोतवाली सदर ,जनपद उन्नाव ।**

## • छेड़खानी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा छेड़खानी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 25.11.2023 को उच्च माध्यमिक विद्यालय सरोसी -1( कम्पोजिट) के प्रधानाध्यपक राजेश कुमार के विरुद्ध स्कूली छात्राओं को अपने पास बुलाकर अश्लील हरकत करने व गलत तरीके से छूने की शिकायत थाना कोतवाली सदर पुलिस को प्राप्त हुई । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0स0 969/23 धारा 354/294 भादवि व धारा 9च/10 पॉक्सो एक्ट बनाम राजेश कुमार पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 27.11.2023 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र हुलासीराम स्थाई पता ग्राम गौसाईखेड़ा थाना आसीवन जनपद उन्नाव वर्तमान पता मकान नं0 500 पूरननगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 51 वर्ष को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

1.राजेश कुमार पुत्र हुलासीराम स्थाई पता ग्राम गौसाईखेड़ा थाना आसीवन जनपद उन्नाव वर्तमान पता मकान नं0 500 पूरननगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 51 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

01. उ0नि0 सुन्दर श्याम दुबे
02. आरक्षी दीपू कमल

